वी.यू. के डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी, का शैक्षणिक पशुचिकित्सा परिसर में औचक भ्रमण एवं निरीक्षण

जबलपुर। आज दिनांक 22 अक्टूबर 2019 को डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, कुलपति जी ने नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के अन्तर्गत संचालित विकास कार्य परीक्षा हॉल के नवीनीकरण का निरीक्षण व अवलोकन करते हुये, आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। तत्पश्चात् आपने शैक्षणिक पशु चिकित्सा परिसर के तहत् ओ.पी.डी., पशु औषधि एवं पशु शल्य चिकित्सा व रेडियोलॉजी विभागों में चल रही शैक्षणिक, अनुसंधान एवं विस्तार गतिविधियों की समीक्षा बैठक की गई, जिससे विभिन्न पहलुओं पर उचित सुझाव दिये।

इसी अवसर पर माननीय कुलपति जी ने बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच. प्रथम वर्ष के क्लास रूम में नवा आगुंतक छात्रों से रूबरू होकर, उन्हें पशुचिकित्सा एवं पशुपालन से संबंधित संभावनाओं एवं समाज में पशुचिकित्सकों के कर्त्तव्यों एवं महत्वपूर्ण भूमिका जैसे पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालय/विश्वविद्यालय में शैक्षणिक कार्य, राज्य व केन्द्र शासन में प्रशासनिक सेवायें तथा पशु चिकित्सा सेवायें, विभिन्न शासकीय, गैर–शासकीय संगठनों एवं प्रायवेट कंपनीयों में सेवायें प्रदत्त करने पर प्रकाश डालते हुये विचारों से अवगत कराया, जिससे छात्र विस्तृत ज्ञानवर्धक जानकारी से अभिभूत व हर्षित हुये। इस भ्रमण एवं निरीक्षण कार्य में डॉ. राजेश शर्मा, अधिष्ठाता, डॉ. सुनील नायक, संचालक विस्तार शिक्षा, डॉ. पी.सी. शुक्ला, संचालक शैक्षणिक, पशुचिकित्सा परिसर, पशु औषधि विभाग तथा पशु शल्य चिकित्सा व रेडियोलॉजी विभाग के प्राध्यापकगण एवं कर्मचारियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर (म.प्र.)